**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्‌वारा पूछे गये तारांकित**

**प्रश्न संख्या-03 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 03 (क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर के विधानसभा देहात 04 के युवाओं के लिए मिनी स्टेडियम बनाने की सरकार की कोई योजना है? | ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम निर्माण योजना संचालन प्रबंधन एवं अनुरक्षण हेतु नीति विषयक शासनादेश दिनांक 14 मार्च, 2023 के प्रावधानानुसार प्रथम चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में 01 ग्रामीण् स्टेडियम के निर्माण की कार्यवाही भूमि एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर की जाती है। |
| (ख) यदि हॉ, तो ब्लॉक-पुँवारका के गांव- दतौली रांघड में करीब 300 बीघा जमीन खाली है? | ब्लॉक-पुँवारका के गांव-दतौली रांघड में युवा कल्याण विभाग के नाम कोई भी जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है। |
| (ग) क्या उक्त स्थान पर मिनी स्टेडियम का निर्माण करायेंगे ? | ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम निर्माण योजना संचालन प्रबन्धन एवं अनुरक्षण हेतु नीति विषयक शासनादेश दिनांक 14 मार्च, 2023 के प्रावधानानुसार सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी से नियमानुसार प्रस्ताव प्राप्त होने पर मिनी स्टेडियम के निर्माण की कार्यवाही की जाती है। |
| (घ ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**गिरीश चन्द्र यादव**
**राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)**
**युवा कल्याण विभाग**